हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025



तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

14 सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने संयंत्र ने...



14 अध्यक्ष और पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता...



## समीक्षा : कलेक्टर ने समिति स्तर पर की धान उठाव की समीक्षा

# धान उठाव में लापरवाही, छेरकापुर के प्रभारी समिति प्रबंधक सेवक राम को हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बुधवार को समिति प्रबंधकों की ऑनलाइन बैठक लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने समिति स्तर पर धान उठाव की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में शेष धान का शीघ्र उठाव कराते हुए 25 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही धान उठाव में रुचि नहीं लेने वाले मिलर्स का डी ओ निरस्त करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान धान उठाव में लापरवाही बरतने पर छेरकापुर के प्रभारी समिति प्रबंधक सेवक राम साहू को हटाने के निर्देश दिये।

### किसी भी समिति में धान का शॉर्टेज होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा

कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव के लिए समिति, मिलर्स और ट्रांसपोर्टर की संयुक्त जिम्मेदारी हैं। मिलर्स, ट्रांसपोर्टर या हमाल से संबंधित कोई समस्या हो तो जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल सूचित करें। समिति प्रबंधकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी समिति में धान का शॉर्टेज होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने ज्यादा धान शेष उपार्जन केंद्र तेलासी, कोसमंदा, छेरकापुर, भवानीपुर, बिटकुली, निपनिया, रोहांसी, भटभेरा, मनोहरा, कोसमंदी के समिति प्रबंधकों को धान उठाव में तेजी लाने मिलर्स से निरंतर संपर्क करने तथा हमाल या बारदाने की समस्या होने पर सम्बंधित मिलर्स एवं जिला अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समितियों का ई पैक्स एवं वित्तय वर्ष समाप्ति पर आवश्यक प्रविष्टि पूर्ण करने कहा।



### धान उठाव में रुचि नहीं लेने वाले 8 मिलरों का डीओ निरस्त

बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 129 उपार्जन केंद्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में लगभग 8 लाख 55 हजार मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। अब तक 97 प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया है। धान उठाव में रुचि नहीं लेने वाले 8 मिलरों का डीओ निरस्त किया गया है। बैठक के दौरान संपर्क केंद्र में जिला पंजीयक सहकारिता एसके पाण्डेय, खाद्य अधिकारी विजय किरण, जिला साहकरी केंद्रीय बैंक के नोडल जी एन साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कटगी के उपसरपंच बने सत्यनारायण देवांगन



**कसडोल।** विकासखंड कसडोल के आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में बुधवार को उपसरपंच पद का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इसमें वार्ड नं 12 के सत्यनारायण देवांगन को 11 वोट मिले, वही प्रतिद्वंद्वी रही उषा कमलनारायण देवांगन को 10 वोट मिले, जिसमें सत्यनारायण देवांगन ने जीत हासिल की। विदित हो कि कटगी में 20 वार्ड है, वहीं 1 वोट सरपंच जयसिंग पैकरा ने भी दिया। सत्यनारायण देवांगन की जीत पर लोगों ने आतिशबाजी के साथ गुलाल लगाकर खुशी जाहिर किए। इस दौरान पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

### नपा अध्यक्ष ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था के साथ-साथ जनसामान्य के मूलभूत सेवा कार्य जैसे पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था आदि कार्यों का नपाध्यक्ष अशोक जैन ने नगर भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डवासियों से चर्चा करते हुये सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली गई। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई एवं स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान नगर के सिविल लाइन, गार्डन चौक, संजय कॉलोनी, पाड़े पारा पहुंचकर वहां के निवासियों से सफाइ व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा जल आपूर्ति आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिए। पालिका द्वारा रामसागर तालाब के आस-पास के तालाब की घाटों की सफाई कराने सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। श्री जैन ने कहा कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य भी चल रहा है। नगर पालिका बलौदाबाजार सफाई कार्यों में प्रथम रहे इसके लिए सभी को मेहनत से काम करना आवश्यक है। उन्होंने जन सामान्य से भी खुले में कचरा नहीं फेकने व जागरूक नागरिक होने के कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी अपील की।

# उपसरपंच पदों के लिए घमासान के बीच हुआ जीत-हार का फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अंचल के हिरमी, मोहरा, बरडीह, भालेसुर, कोठरौद, बुडगहन, नेवारी, फुलवारी, तिल्दाबांधा, मुसवाडीह, परसवानी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद ग्राम पंचायत में उप सरपंच पद के लिए भारी गहमागहमी देखी गई। कई पंचायतों में जहां उपसरपंच निर्विरोध रूप से चुने गए तो वहीं कुछ पंचायत में आमने-सामने की टक्कर देखने को मिली, जबकि कुछ पंचायत में उपसरपंच पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला। पंचायत स्तर पर सरपंच एवं पंच के चुनाव के बाद उप सरपंच के लिए पंचों ने काफी जोर आजमाया। पंचायत स्तर पर उपसरपंच के लिए उम्मीदवारों ने पंचों को अपने पक्ष में लाने के लिए पुरजोर कोशिश करते दिखे। उपसरपंच बनने की दौड़ में उम्मीदवारों ने पंचों को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, बावजूद इसके जिस उम्मीदवार के समर्थक ज्यादा दिखे, उन्होंने उपसरपंच बनने में सफलता हासिल कर ली। इसी कड़ी में मुसवाडीह पंचायत से उपसरपंच मंजू डीगेन्द्र मारकंडे, भालेसुर से नाम दास मोहरा से चंदन डहरिया, हिरमी से प्रेमानंद जायसवाल, नेवारी से मनहरण साहू, फुलवारी से जया टेकराम साहू, बुडगहन से जनक राम, तिल्दाबांधा से प्रेमलाल यदु, भठभेरा नानक चंद, कुथ रौद गायत्री वर्मा, परसवानी से नरेंद्र साहू, बरडीह से माधुरी संजय वर्मा, भिलौनी से खिलावन, पाहरी से यशवंत वर्मा बने। इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच तारिणी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, छात्रधारी वर्मा, पूर्व सभापति प्राणनाथ वर्मा, पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बोधराम वर्मा, रामकुमार वर्मा, सनत सेठ, विजय वर्मा, रमेश वर्मा, डिगेश्वर वर्मा, भुवन वर्मा, गिरधारी वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, भूषण वर्मा, रजक वर्मा सहित ग्रामीण एवं पंचगण उपस्थित थे।




■ मोहरा में चंदन, भालेसुर में नामदास तथा मुसवाडीह में मंजू बने उपसरपंच

# विधायक कविता लहरे ने विसं में उठाया बिजली कटौती का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए किसानों, व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों की परेशानियों को जोरदार तरीके से उठाया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से रबी फसल की तैयारी कर रहे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई बाधित हो रही है, जिससे मिट्टी में दरारें पड़ने लगी हैं और फसलें सूखने की कगार पर हैं। कर्ज और पूंजी लगाकर खेती करने वाले किसान बिजली संकट से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं के दौरान लो वोल्टेज और बिजली कटौती से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। अंधेरे और बार-बार बिजली गुल होने की समस्या के कारण छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। विधायक कविता प्राण लहरे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने में असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय बिजली बिलों के माध्यम से उपभोक्ताओं की जेब खाली करने में लगी हुई है।क्षेत्र में लगातार बिजली संकट से बढ़ते जनआक्रोश को देखते हुए विधायक ने सरकार से तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने और समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगी।

### बैंक के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिला सहकारी बैंक मुनगासेर के सामने से एक किसान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को रमेश बरिहा निवासी ग्राम खुटेरी ने बताया कि वह 11 मार्च को जिला सहकारी बैंक, मुनगासेर पैसे निकालने के लिए गया था, उसने अपनी बाइक सीजी 06 जीक्यू 3352 को बैंक के बाहर रखा हुआ था। बैंक से जब वह वापस आया बाइक गायब थी। बागबाहरा पुलिस में मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जमानतदार आरोपी संतराम अनंत द्वारा अपनी ऋण पुस्तिका से पूर्व में भी एक अपराधिक प्रकरण में दो अभियुक्तों की 25-25 हजार रुपए की जमानत लेने पर ऋण पुस्तिका में उल्लेखित किये गये पृष्ठ को हटाकर पुनः ऋण पुस्तिका को प्रस्तुत कर घोषणा पत्र में पूर्व में लिये गये जमानत की बात को छिपाने वाले उक्त कृत्य में आरोपी महान मिश्रा के खिलाफ मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्य व गवाहों द्वारा दिये गये बयान पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा उसके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

मामले की जानकारी देते हुए बताया गया है कि संतराम अनंत द्वारा अपनी ऋण पुस्तिका क्र. 2772413 में 4 जनवरी को न्यायालय में आपराधिक प्रकरण क्र. 3045/24 में तथा एक अन्य अपराधिक प्रकरण क्र. 3048/24 में अभियुक्तों का 25-25 हजार का जमानत अपने ऋण पुस्तिका में लिया था। 14 जनवरी को जमानतदार आरोपी संतराम अनंत द्वारा इसी ऋण पुस्तिका में अन्य प्रकरण क्र. 4272/2024 में अभियुक्त का 25 हजार रूपये की जमानत लेने हेतु उपस्थित हुआ था। उक्त दिनांक को प्रस्तुत उपरोक्त पुस्तिका में 4 जनवरी को पूर्वोत्तर अपराधिक प्रकरण क्र. 3045/24 एवं 3048/24 में लिए गए जमानत के संबंध में उल्लेखित पृष्ठ को ऋण पुस्तिका से हटाकर, ऋण पुस्तिका को प्रस्तुत किया गया तथा पूर्वोत्तर प्रकरण को छिपाते हुए घोषणा पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्ताशय की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस का प्रकरण

▶▶ शेष पेज 14 पर

■ परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महान मिश्रा के खिलाफ हुई कार्रवाई

# जांच में मिली फर्जी अंकसूची आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति निरस्त

**पवनी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र दमदरहा-2, ग्राम दमदरहा में दीपा चौहान पति दुर्गा प्रसाद चौहान की आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश जारी किया है। दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की अंकसूची के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर कार्यालय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड सराईपाली, जिला महासमुंद को अंकसूची सत्यापन के लिए पत्रचार किया था। कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सराईपाली के समग्र शिक्षा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी के प्रधान पाठक द्वारा दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति उपलब्ध कराई गई। दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की शैक्षणिक संस्था द्वारा सत्यापित अंकसूची एवं सहायिका पद हेतु आवेदन के समय प्रस्तुत अंकसूची में विसंगति होने के कारण अंकसूची वैध नहीं पायी गई। एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के परियोजना अधिकारी ने नियुक्ति आदेश की कंडिका कमांक 7 के अनुसार दीपा चौहान की आंगनबाड़ी केन्द्र दमदरहा-2, ग्राम दमदरहा में सहायिका पद पर की गई नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की है।

# 240 पौवा शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। आपरेशन विश्वास के तहत बुधवार को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने भैंसापसरा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 1 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपिया से 26,400 कीमत मूल्य का 240 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्धकर आरोपिया चन्द्रकली भारती 46 साल निवासी भैंसापसरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप

### घिरघोल में निर्विरोध उपसरपंच बनीं लोकेश्वरी



**पलारी।** ग्राम पंचायत घिरघोल में निर्विरोध उपसरपंच लोकेश्वरी साहू चुने गई। गौरतलब हैं कि सरपंच सहित 3 पंच निर्विरोध चुन कर गांव वालों ने ब्लाक में मिशाल कायम थी। ग्राम में उपसरपंच निर्वाचित होने पर नवनिर्वाचित सरपंच विष्णु दास वैष्णव सहित उपस्थित पंच शत्रुहन साहू, देवनाथ साहू, यशवंत साहू, मधु देवी साहू, रम्हाला साहू, राजकुमार नवरंगे, हेमबाई ताड़वे, कुंती बाई साहू, चमेली बंजारे सहित सरपंच राजकुमारी हेम कुमार साहू, उपसरपंच गुलाब सिंह साहू, वरिष्ठ ग्रामीण सुकालू राम यदु, मोहन साहू, मदन कुमार साहू सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

### बालाराम साहू बने ससहा के उपसरपंच, समर्थकों ने मनाया जश्न



**पलारी।** ग्राम पंचायत ससहा में उपसरपंच पद के लिए हुए चुनाव में डॉ. बालाराम साहू ने 14 मतों के साथ जीत दर्ज की, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी सुषमा साहू को 7 मत मिले। जीत के बाद उनके समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोगों ने आतिशबाजी कर और गुलाल लगाकर डॉ. साहू का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, पूर्व जनपद सदस्य तुकाराम पप्पू साहू, सरोज गुरुजी, द्वारिका साहू, गुरुचरण साहू, भगवती साहू, लारेंस साहू, महेश साहू, जगजीवन साहू, बंटी साहू, लीलाधर धीवर, उत्तम साहू, पवन साहू, कमल वर्मा, क्रांति साहू, भेखम साहू, देवीचरण साहू, खोरबहरा साहू नीलकमल खरसे सहित गांव के वरिष्ठ जनों और गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी।

# मूल्यांकनकर्ताओं से वापस ली गई उत्तरपुस्तिकाएं, वजह-प्रश्न पर विवाद था, सुलझा नहीं सका रविवि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में मंगलवार को अजीबो-गरीब स्थिति निर्मित हो गई। रविवि अध्ययनशाला में केंद्रीय मूल्यांकन के लिए बनाए गए कक्ष में प्राध्यापकों को मूल्यांकन के लिए उत्तरपुस्तिकाएं वितरित कर दी गई थीं। कुछ शिक्षकों ने कॉपियां जांचनी भी प्रारंभ कर दीं। इसके थोड़े ही देर बाद उनसे उत्तरपुस्तिकाएं वापस ले ली गईं। दरअसल ये कॉपियां बीएससी द्वितीय वर्ष की थी। बीसीए द्वितीय वर्ष की गणित विषय की परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई। इसमें एक सवाल में त्रुटि की शिकायत विद्यार्थियों ने की थी।

छात्रों के मुताबिक, पांचवें यूनिट के एक सवाल में 2X की जगह ZX अंकित कर दिया गया था। छात्रों ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। रविवि ने इस संदर्भ में कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया है। इसके बगैर ही कॉपियां मूल्यांकन के लिए प्राध्यापकों को दे दी गईं। उत्तरपुस्तिकाएं वितरित होने के कुछ मिनटों में ही जब इसकी जानकारी हुई तो उनसे उत्तरपुस्तिकाएं वापस ली गईं। छात्रों की आपत्ति पर निराकरण के बाद ही इन उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हो सकेगा।

## मामला बीसीए द्वितीय वर्ष का, विद्यार्थियों ने थोक में की थी शिकायत

### थोक में शिकायतें

ना केवल एक महाविद्यालय बल्कि कई कॉलेजों से इस संदर्भ में शिकायत रविवि को प्राप्त हुई थी। प्रश्नपत्र में हुई त्रुटि के निराकरण के लिए रविवि द्वारा विशेष विशेषज्ञों की कमेटी बनाई जाती है। ये कमेटी ही तय करती है कि छात्रों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति सही है अथवा नहीं। कमेटी की सिफारिश के बाद ही विवि प्रबंधन द्वारा अंतिम निर्णय इस संदर्भ में लिए जाते हैं। गौरतलब है कि रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराए जाने का यह दूसरा साल है। रविवि अध्ययनशाला में ही मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। जहां मंगलवार को प्राध्यापकों को ये उत्तरपुस्तिकाएं बांटी गईं।



### छात्रों ने मांगे बोनस अंक लेकिन प्रावधान नहीं

छात्रों के अनुसार प्रश्नपत्र में त्रुटि होने के कारण गणितीय सवाल का सही हल नहीं निकल सका। छात्रों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बोनस अंकों की मांग की है। हालांकि रविवि के नियमों में प्रश्नों में त्रुटि होने पर बोनस अंक का प्रावधान नहीं है। त्रुटिपूर्ण सवाल विलोपित कर दिए जाते हैं और शेष प्रश्नों तथा उसके लिए निर्धारित अंकों के आधार पर मूल्यांकन होता है।

## भूमि विवाद की सुनवाई में शामिल हुए थे पिता-पुत्र और दादी

# तहसील कार्यालय में किसान ने जहर सेवन किया, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

तहसील कार्यालय में भूमि विवाद के संबंध में चल रहे मामले की पेशी में आए बुड़गहन के 67 वर्षीय किसान हीरालाल साहू ने तहसील में किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित होकर तहसील कार्यालय में ही जहर खाकर न केवल स्वयं आत्महत्या करने का प्रयास किया, अपितु अपने 35 वर्षीय लड़के के मुंह में भी जहर की शीशी उड़ेल दिया। पीड़ित किसान को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां पर वह जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहा है। जानकारीनुसार डॉक्टरों ने उसकी हालात को स्थिर बताते हुए कहा है 24 घंटे तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने मरीज को बलौदाबाजार जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। यह घटना तहसील कार्यालय में अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल खड़ा करती है और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर चिंताएं पैदा करती है।

मामले के संबंध में पीड़ित के पुत्र मालिक राम ने बताया कि तहसील ऑफिस सुहेला में 12 तारीख को मैं, मेरे दीदी और बाबूजी आए थे, दो कैस हैं एक कब्जा वाला है एक आबादी जमीन का हिस्सा वाला। हम लोग तहसीलदार से बोले कैसे होगा सर हम लोग को आबादी वाला बोलते हैं, होगा तो हम बोले की तीन-चार महीने हो गए हैं सर कब होगा, 6 महीने से ज्यादा हो गए हैं तो साहब बोले होगा ना जी, आपके हिसाब से थोड़ी ना होगा। ऐसे बोल तो तहसीलदार ऑफिस के सामने बाबूजी दवाई का सेवन कर लिए। अंदर में ही काउंटर के सामने हम तीन लोग आए थे, मैं, मेरे दीदी और बाबूजी। बाबूजी बोले हम तीनों मर जाएंगे, जमीन को क्या करेंगे, ऐसा बोलकर मुझे भी दवाई पिला दिया, फिर वहां उपस्थित लोग तुरंत स्वास्थ्य केंद्र सुविधा लेकर आए और अभी गंभीर हालत है तो बलौदा बाजार जिला अस्पताल रेफर किए हैं, मैं स्वस्थ हूं मुझे अभी कोई परेशानी नहीं है, मुझे न्याय चाहिए जमीन चाहिए। एसडीएम सीमागा अंशुल वर्मा ने बताया आवेदक आए थे, तहसील न्यायालय में कुछ जमीन विवाद से संबंधित मामले को लेकर के, कार्यालय में जो प्रक्रिया चल रही थी, कार्रवाई हो रही थी, उसमें प्रक्रिया के बीच में आवेदक का कोर्ट रूम से गुस्सा कर बाहर जाना सामने आया है। कुछ अनवांटेड पदार्थ का उनके द्वारा सेवन किया गया है, जिसके कारण उसकी तबीयत थोड़ी डाउन हुई, उनको लेकर सीएचसी भर्ती कराया गया। तहसीलदार मौके पर उपस्थित थे। इलाज के उपरांत जब उसकी सेहत ठीक लगी, तब उन्हें एचक्यों रेफर किया गया। मामला जमीन विवाद से संबंधित है। प्रकरण न्यायालइन है। न्यायालय की कार्रवाई पर बिना कुछ जाने, बिना कुछ समझे कुछ भी करना सही नहीं है। अभी मेरी बात हुई है, जो आवेदक थे, उनके पुत्र अभी उपस्थित थे, उनके द्वारा बताया गया पारिवारिक विवाद है और विवाद में किस तरह से उनके जो आवेदक है उनके बड़े भाई और उनका जो पुत्र है वह किस तरह से भूमि विवाद से संबंधित प्रताड़ना और परेशान करना, लड़ाई झगड़ा करना, गाली गलोज करना है इन सबके बारे में उसने जानकारी दी है। जांच कर रहे हैं। अभी भी पूरी जांच तो हुई नहीं है। प्रारंभिक पता चला है। दिसंबर में यह प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था और आचार संहिता भी बीच में लागू हुई थी, प्रकरण विधिवत चलाया गया और अभी भी प्रक्रियाधीन प्रकरण है। आवेदक साक्ष्य अनावेदक साक्ष्य परीक्षण अंतिम तर्क यह सब अभी नहीं हुआ है जैसा नियम में है वैसे ही कार्रवाई की जाएगी।




### रिपोर्ट दर्ज नहीं

किसान द्वारा तहसील कार्यालय के भीतर जहर सेवन करने की जानकारी प्राप्त हुई है, जो फिलहाल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है, परंतु किसी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी गयी है।

# होली के पहले गुंडे-बदमाशों की क्लास, कान पकड़कर कराई उठक-बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर में होली त्योहार शांतिपूर्ण रूप से मने, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने होली के दो दिन पहले गुंडे-बदमाशों को थाने में बुलाकर उनकी क्लास लेना शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, चाकूबाज सहित 70 गुंडे-बदमाशों को गंज थाना बुलाकर उनकी क्लास ली गई। इस दौरान सभी बदमाशों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराकर समझाइश दी गई।

**अब तक 470 गुंडे-बदमाशों को दी गई समझाइश-** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होली त्योहार पर शहर में किसी भी प्रकार से हुड़दंग, उत्पात या घटना न घटे, इसके लिए शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों को थाने बुलाकर समझाइश दी जा रही है। इनमें चाकूबाज, हिस्ट्रीशीटर सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में सलिप्त रहे पुराने बदमाशों को थाने बुलाया जा रहा है और उन्हें कड़ाई से समझाइश दी जा रही है। इसके लिए इन बदमाशों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराकर भविष्य में किसी भी तरह का अपराध नहीं करें और अच्छे व्यक्ति की भांति जीवन जीएं और दूसरे को जीने दें, इसकी समझाइश दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि होली के मद्देनजर अब तक 470 से अधिक गुंडे-बदमाशों को शहर में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने समझाइश दी जा चुकी है।

# जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए प्रभु की भक्ति जरूरी

## गुरु के घर में बिना बुलाए ही चले जाना चाहिए क्योंकि वह भगवान स्वरूप होता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



इस सृष्टि का आधार तप है, तप से ही मनुष्य जीवन में सब कुछ प्राप्त करता है। उक्त बातें खरोरा के गांधी चौक में शर्मा परिवार परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान कथावाचक पं. विक्रमादित्य दुबे ने कहीं। कथा के तीसरे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने ब्यास पीठ से कपिल जन्म, सती कथा, जड़–भरत कथा और ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से बताया तो भक्त भावविभोर हो गए। ध्रुव चरित्र की प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपद राज किया करते थे। उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति था और उनके कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाओगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है, जिसका नाम उत्तम रखा। उसके कुछ दिनों के बाद बड़ी रानी भी एक बालक ध्रुव को जन्म देती है। 5 वर्ष बाद जब राजा उत्तम का जन्म दिन मना रहे थे, तो बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलता हुआ उनकी गोद में बैठ गया, जिस पर सुरुचि उठा देती है और उसे कहती है कि यदि अपने पिता की गोद में बैठना है तो अगले जन्म तक इंतजार कर। बालक ध्रुव को यह बात चुभ जाती है और वह वन में जाकर कठिन तपस्या करने लगते हैं। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देते हैं और उन्हें मनचाहा वरदान देने का वचन देते हैं। सती कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। लेकिन गुरू के घर में बिना बुलाए ही चले जाना चाहिए क्योंकि वह भगवान स्वरूप होता है। कथा के बीच–बीच में द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। शिव पार्वती विवाह का प्रसंग जी सुनाया गया। इस दौरान शिव पार्वती विवाह की झांकी की सजाई गई। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक यशवंत शर्मा, वीणा शर्मा ने बताया कि 9 से 17 मार्च तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे हैं। कथा का समय दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक है।

■ नगर में पं. विक्रमादित्य की भागवत महापुराण कथा जारी


**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 485/ ना. तह. / वाचक / 2025
सण्डी, दिनांक- 10/03/2025
रा.प्र.क्रं... अ/6 (अ) वर्ष 2024-25
आवेदक श्यामलाल पिता धनसिंग जाति कुर्मी
कास्तकारी फुण्डरडीह प.ह.नं.-39 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता धनसिंग जाति कुर्मी निवासी फुण्डरडीह प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा आवेदक ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम फुण्डरडीह प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा 1006/10 रकबा 0.149 हे. भूमि कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.149 हे. रामलाल पिता चैनु जाति केवट नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वाद भूमि को आवेदक ने विक्रेता से दिनांक 13/06/1991 को उप पंजीयक बलौदाबाजार से प्रतिफल राशि अदा कर क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण नामांत्रण क्र. 12 दिनांक 28/12/1993 को किया जा चुका है। वर्तमान ऑनलाईन बी-1 में हे. रामलाल पिता चैनु जाति केवट हो गया है। जो कि गलत है। जिस कारण मुझे उक्त भूमि के कृषि विकास विस्तार एवं शासकीय एवं अर्ध्दशासकिय कार्यों में काफी परेशानी हो रही है। उक्त वाद भूमि में हे. रामलाल पिता चैनु जाति केवट के जगह आवेदक श्यामलाल पिता धनसिंग जाति कुर्मी के नाम में दर्ज करने के लिए हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा, आधार कार्ड, शपथ पत्र, नामांतरण पंजी की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्तियां हो तो वे दिनांक 25/03/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है, बाद में की गई दावा आपत्तियां पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही होगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**सण्डी-पलारी**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**


# गडरिया समाज की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

ग्राम गुर्रा घाट जोगी द्वीप में झेरिया गडरिया पॉल समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल सभी 28 ग्राम प्रमुख के साथ प्रत्येक घर से एक सदस्य की उपस्थित अनिवार्य रखी गई थी, जिसमें अध्यक्ष अश्वनी पाल के निर्देशन पर दो दिन की वार्षिक बैठक का आयोजन जोगी दीप गुर्रा घाट में हुई। वहीं गडरिया समाज की नीति विधि की चर्चा में सामाजिक संगठन की एकता एवं समानता की वजह से आज गडरिया समाज भी अन्य समाज की तरह राजनीतिक पकड़ मजबूत की है, जिसमें पंच, सरपंच जनपद से लेकर जनपद अध्यक्ष तक का सफर कही न कही गडरिया समाज की उन्नति का द्वार खुला है। वहीं समाज में देखा जाय तो दो जनपद सदस्य के साथ जनपद अध्यक्ष एवं तरेगा राज में 28 गांवों में 5 सरपंच एवं 17 पंच ने जीत हासिल की जिसका सम्मान कर अग्रिम बधाई दी। साथ में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का भी सम्मान किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा साथ में जिला पंचायत सदस्य मंगल छाया राजा जायसवाल गडरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने समाज की गतिविधियों की सराहना करते हुए गडरिया समाज का हर तरह से सहयोग की बाते कही। वहीं समाज की मुख्यधारा से अलग जीवन व्यतीत करने वाले जोड़े को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया गया, जिसमें अंतर्जातीय विवाह किए परिवार की चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली।





ग्राम पंचायत तिल्दा
वि.खं. पलारी
नवनिर्वाचित सरपंच
शकुंतला राजेश घृतलहरे
एवं
अंजनी बाई पटेल
उपसरपंच चुने जाने पर
पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
शकुंतला राजेश घृतलहरे
सरपंच
राजेश घृतलहरे
प्रतिनिधि
अंजनी बाई पटेल
उपसरपंच
नरेन्द्र कुर्रे
सचिव
:: पंचगण ::
एस राम साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, राधा रजक, सुकरिया डहरिया, अमरीका बंजारे, लता बंदे, निराशा बंदे, गोरेलाल घृतलहरे, दयालु राम साहू, रामखिलावन साहू, सुनीता साहू, योगेश्वरी ध्रुव, चन्द्रवती पटेल, तामलेश यादव, चुम्मन मानिकपुरी, पार्वती यादव, संतोषी यादव एवं समस्त ग्रामवासी तिल्दा


ग्राम पंचायत चिरपोटा
वि.खं. बलौदाबाजार
नवनिर्वाचित सरपंच
सुशीला प्रदीप बंजारे
एवं पूरन वर्मा
उपसरपंच निर्विरोध
चुने जाने पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
सुशीला प्रदीप बंजारे
सरपंच
प्रदीप बंजारे
प्रतिनिधि
पूरन वर्मा
निर्विरोध उपसरपंच
कृतराम पटेल
सचिव
:: पंचगण ::
धनेशदास मानिकपुरी, मधुकुमार वर्मा, प्रेमलता वर्मा, प्रीति डहरिया, तखतराजू चेलक, सुमन डहरिया, त्रिवेणी वर्मा, अनिता वर्मा, देवकी बाइ वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी चिरपोटा


ग्राम पंचायत मुण्डा वि.खं. बलौदाबाजार
नवनिर्वाचित सरपंच श्री शशिकला पाण्डेय एवं
मुकेश्वरी मनीराम वर्मा
उपसरपंच चुने जाने
पर
बधाई एवं शुभकामनाएं....
समस्त क्षेत्रवासियों
को होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
शशिकला पाण्डेय
सरपंच ग्राम पंचायत मुण्डा
मुकेश्वरी मनीराम वर्मा
उपसरपंच ग्राम पंचायत मुण्डा
सरोजनी पैकरा
सचिव ग्राम पंचायत मुण्डा
पंचगण
फिरतीन बाई ध्रुव
पूर्णिमा महेन्द्र वर्मा
परमानंद साहू
पिताम्बर रजक
धनेश्वर वर्मा
मोंगरा हलधर वर्मा
फनेश्वरी खगेश वर्मा
दुजराम वर्मा
मुकेश्वरी मनीराम वर्मा
नीलम मुकेश वर्मा
हीराबाई संतोष वर्मा
गोमती रविन्द्रनाथ साहू
रूपेश कुमार वर्मा
श्यामू लाल फेकर
सिद्धेश्वर वर्मा
शकुन रात्रे
जयबाई रात्रे
सोमलाल कोसले
उषा कोसले
रमेश चतुर्वेदी

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने संयंत्र ने किया जागरूकता कार्यक्रम

## 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों को बताए गए कई उपाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग एवं सुरक्षा विभाग द्वारा 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ज्ञानोदय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं ग्रामीण विकास विभाग, हिरमी में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख पीलुराम वर्मा ने संयंत्र प्रबंधन के अधिकारियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सुरक्षा विभाग के रोहित परउहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शरीर के महत्वपूर्ण अंग—दिल और दिमाग की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए क्रैश



### 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाभान्वित

जिसमें सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य पीलुराम वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए संयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश गिरी, दशरथ वर्मा, अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग से आशुतोष खरे और उमाशंकर धीवर उपस्थित थे।

हेलमेट का उपयोग अनिवार्य है, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट पहनने की सलाह दी। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि नशा हमारी इंद्रियों को शिथिल कर देता है, जिससे सोचने—समझने और देखने की क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ सकती हैं। मोबाइल फोन के उपयोग पर चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से ध्यान भटकता है, जिससे दुर्घटनाएं टालना मुश्किल हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को गति सीमा का पालन करने और निर्धारित गति में वाहन चलाने की भी समझाइश दी। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### होली पर्व पर बस यात्रियों के लिए मददगार होगा बस संगवारी एप

**पवनी।** होली त्यौहार पर बस यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार का बस संगवारी ऐप मददगार है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवंबर 2024 में इस बस संगवारी एप को लॉन्च किया था। इस एप के माध्यम से बस यात्रियों को सभी प्रकार की जानकारी घर बैठे मिलेगी। इस एप से बस की समय सारणी और बस रूट की जानकारी मिलेगी। एप में पांच हजार से अधिक बसों की जानकारी मिलेगी। इस ऐप में कहां से कहां जाने के लिए स्थान का विकल्प भरना होता है, जिससे 24 घंटे चलने वाले बसों की सूची उनके निर्धारित समय के अनुसार मिलेगी। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की इस बस संगवारी एप, बस यात्रियों विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। इस ऐप के लॉन्च होने से पहले यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैण्ड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस एप के जरिए तत्काल मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की ओर से तैयार कराए गए। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक होगा। इस एप में वर्तमान में पांच हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न रूट में संचालित हैं।

## पेज 11 के शेष

### फर्जी ऋण पुस्तिका...

पंजीबध्द कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान गवाहों से पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर यह पाया गया कि उक्त ऋण पुस्तिका से आपराधिक प्रकरण क्र. 3045/2024 एवं 3048/2024 के संबंध में उक्त पृष्ठ को महान मिश्रा द्वारा फाड़कर निकाल देना तथा उसे जमानत हेतु पेश करना एवं जमानत में सहयोग करना पाया गया। इस पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महान मिश्रा को बुधवार 12 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## शपथ ग्रहण में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल हुए शामिल

# अध्यक्ष और पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

लंबे समय से बलौदाबाजार जिले के नगर पंचायत कसडोल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। शपथ समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मौजूद रहे। विदित हो कि कसडोल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामरतन दुबे ने अध्यक्ष सहित पार्षदों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इसके बाद भाजपा के तमाम पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। इसके बाद नगर पंचायत परिसर में उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। इसमें भाजपा के मंडल अध्यक्ष सहित वार्ड नं 14 के पार्षद सुदीप नवदीप मानिकपुरी को निर्विरोध उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। कसडोल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामरतन दुबे ने सुदीप को सर्टिफिकेट देकर घोषणा कर दिया है। इस दौरान भाजपा के तमाम पदाधिकारी सहित देवतुल्य जनता मौजूद रही। शपथ कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. अजय राव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य टेसुलाल धुरंधर, प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष, राजकुमार जयसवाल, जिला मंत्री, कृष्ण कुमार पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेला राम साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, सांसद प्रतिनिधि, संतोष वैष्णव, जिला प्रतिनिधि, संतोष कश्यप, मंडल महामंत्री, रामचंद्र ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, सरिता जायसवाल, दिलहरण जायसवाल, गुनीराम साहू, अनिल श्रीवास, विनोद बंजारे, दरस वर्मा, गणेश साहू, निर्मला साहू, राजेश साहू, गोटीलाल साहू, हेमन्त साहू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी गण एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को स्थानांतरित करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

जिला सारंगगढ़ बिलाईगढ़ के अनुविभाग बिलाईगढ़ एसडीएम के रवैये से परेशान होकर अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में सभी अधिवक्ताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है अनुविभागीय (रा.) बिलाईगढ़ के प्रभारी पीठासीन अधिकारी डॉ. बर्षा बंसल द्वारा सुनवाई हेतु नियत राजस्व प्रकरणों की सूची सूचना पटल पर नहीं लगायी जाती है और न ही राजस्व प्रकरणों को आनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

- ज्ञापन में एसडीएम के मनमानी रवैये से अधिवक्ता एवं पक्षकार परेशान होने का किया उल्लेख

अधिवक्ता संघ ने कहा कि प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने एवं नियत प्रकरण के दिन फाइल दिखाने के लिए कहने पर किसी भी अधिवक्ता को कोई फाइल देखने नहीं दी जाती है। नियत पेशी तिथियों में पीठासीन अधिकारी यदि अन्यत्र दौरे पर है तो अधिवक्ताओं को प्रकरणों में पेशी लेने के लिए न्यायालीन समय समाप्त होने पर भी अधिवक्ता एवं पक्षकारों को इंतजार कराया जाता है, जिससे बाहर से आये हुए पक्षकारों को अपने घर पहुंचने में असुविधा एवं अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आदेशार्थ हेतु नियत प्रकरणों में काफी विलंब किया जा रहा है जिससे प्रकरण कई महीनों से लबित पड़े हैं। उक्त पीठासीन अधिकारी के मनमानी पूर्ण कार्य एवं अभद्रता पूर्ण व्यवहार से अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ के सभी अधिवक्तागण सुब्ध होकर 3 मार्च को अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ द्वारा वर्तमान पीठासीन अधिकारी डॉ. वर्षा बंसल के विपरीत सर्वसम्मती से निंदा प्रस्ताव एवं अन्यत्र स्थानांतरण करने का प्रस्ताव किया गया।

इस संबंध में 7 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ के न्यायालय से अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ एक दिवसीय कार्य से विरक्त रहने के संबंध में जब पीठासीन अधिकारी को रिटर्निंग रूम में जाकर ज्ञापन सौंपा गया, तब भी ज्ञापन को अनदेखा कर तुरंत वहां से संघ के अधिवक्तागण को वापस भेज दिया गया। इस तरह से पीठासीन अधिकारी के व्यवहार एवं कार्य शैली में परिवर्तन नहीं होने से 11 मार्च को कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर उक्त पीठासीन अधिकारी के विरूध्द कार्यवाही एवं शीघ्र अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने का निवेदन किए। संघ ने कहा उक्त पीठासीन अधिकारी का अनुविभाग राजस्व बिलाईगढ़ से अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किये जाने की दशा में अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ द्वारा उक्त अधिकारी के न्यायालय के विरुध्द अनिश्चित कालीन हड़ताल कर बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

# बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए कई निर्माण कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार-सरसीवां

बिलाईगढ़ विधानसभा के विकास में विधायक कविता प्राण लहरे के प्रयास से 2025—26 के बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी मिली है। लोक निर्माण विभाग के तहत सड़क, पुल, पुलिया, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और विश्राम गृहों के निर्माण के लिए धनराशि की स्वीकृति मिली। इस फैसले से गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आवागमन सुगम बनेगा और विकास को गति मिलेगी। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के मजबूतीकरण और विस्तार के लिए कई परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। जिस मार्ग में सड़क, पुल पुलिया निर्माण किया जाना है वह निम्नांकित है। गिरौधपुरी—राजादेवी—बया मार्ग 33 किमी, मजबूतीकरण एवं पुल—पुलिया का निर्माण, दुम्हानी बिलाईगढ़ पवनी मार्ग 8 किमी मजबूत और चौड़ा बनाया जाएगा, सरसीवा—बालपुर—कोसीर मार्ग 7 किमी पुल—पुलिया सहित निर्माण कार्य, सिंधीचुवा—जेवराडीह —देवसागर मार्ग 6 किमी नए पुल निर्माण के साथ अपग्रेड होगा, सिंदूरस से भिनोदा मार्ग 4.5 किमी, पुल — पुलिया निर्माण सहित मजबूतीकरण, गोपालपुर से तेंदुआ मार्ग 3 किमी पुल—पुलिया सहित आधुनिक सड़क, सलिहा — कुशगढ़ — विजयमॉल होते हुए संकरा मार्ग 30 किमी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, सालहेओना — तौलिडीह—धनगांव मार्ग 3 किमी नई सड़क और पुल निर्माण कार्य, वीरनारायणपुर — महकम — बंगलापाली मार्ग 9.7 किमी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, नवागांव — कसौदी—सोनाखान मार्ग 11.4 किमी पुल — पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य, भीनौदा—गंगोरी मार्ग पर बिल्ला नाला पर उच्च स्तरीय पुल, चारभाटा से रंगोरा मार्ग पर कतरा नाला पर पुल, चंद्रनगर से शंकर नगर मार्ग पर बसंतपुर नाला पर उच्च स्तरीय पुल, गिधौरी—शिवरीनारायण महानदी पुल 800 मीटर विधानसभा का सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट, देवरहा घाट से केरा घाट तक महानदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा।



- विधायक कविता प्राण लहरे के प्रयास पर मिली सफलता

### सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण बजट में शामिल

प्रशासनिक भवनों और विश्राम गृहों की सौगात सरसीवा में नवीन विश्राम गृह का निर्माण, भटगांव विश्राम गृह में अतिरिक्त कक्ष, किचन और आवास का निर्माण, बिलाईगढ़ विश्राम गृह में भी अतिरिक्त कक्ष, किचन और आवास की सुविधा, मुडपार—मुच्छमल्दा—भिनोदी मार्ग 7 किमी पुल—पुलिया सहित निर्माण, पवनी—रमतला—भंडोरा मार्ग 5.96 किमी भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा कार्य, टुंडरी से परसाडीह मार्ग 7 किमी मजबूत सड़क का निर्माण, बनाहिल से सोनियाडीह मार्ग 6.89 किमी मजबूतीकरण और सतह सुधार कार्य। विधानसभा क्षेत्र की इन सड़कें और पुलों के बनने से आवागमन सुगम होगा। विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि बिलाईगढ़ की जनता की मांग और क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उक्त मार्ग में सड़क और पुल निर्माण के लिए बजट में स्वीकृति के लिए मेरा प्रयास सफल हुआ है।

# भद्रापाली में दुलेश्वर वर्मा बने उपसरपंच




हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सरपंच और पंच के बाद 12 मार्च को उपसरपंच का चुनाव हुआ। इसमें जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भद्रापाली के ग्राम पंचायत भवन में पीठासीन अधिकारी शत्रुघन यादव एवं सहायक पीठासीन अधिकारी कमल किशोर वैष्णव द्वारा उपसरपंच निर्वाचन की कार्रवाई की गई। उप सरपंच के लिए दो प्रत्याशी जिसमें झंगलू वर्मा एवं दुलेश्वर वर्मा ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें झंगलू वर्मा को 7 वोट और दुलेश्वर वर्मा को 10 वोट मिले। इस तरह दुलेश्वर वर्मा को पीठासीन अधिकारी द्वारा उप सरपंच का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उप सरपंच निर्वाचन में ग्राम पंचायत के सरपंच रीना वर्मा सचिन भूषण वर्मा रोजगार सहायक गोपी पटेल, पंच उर्मिला ध्रुव, निखिल साहू, सरस्वती मानिकपुरी, संतोषी वर्मा, लोकेश्वरी वर्मा, रोमनाथ वर्मा, राजेश कुमार, गुलाब बाई साहू, प्रियंका यादव, अशोक वर्मा, किरण वर्मा, सालिक राम वर्मा, रेखा रजक, मोहित ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# टोनाटार पंचायत में कुलेश्वर बनीं उपसरपंच



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत 14 वार्ड वाले ग्राम पंचायत टोनाटार में उपसरपंच के लिए 12 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में चुनाव हुआ। उपसरपंच के लिए कुलेश्वर पिंकू वर्मा और डिगेश वर्मा ने नामांकन भरा, जिसमें कुलेश्वर पिंकू वर्मा को 12 वोट और डिगेश वर्मा को 3 मत प्राप्त हुआ। इसमें निर्वाचन अधिकारी द्वारा कुलेश्वर पिंकू वर्मा को 9 मतों से उपसरपंच के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। उपसरपंच चुनाव प्रक्रिया के दौरान सचिव रामेश्वर लहरी, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, सरपंच विष्णु कोसले, पंच धनेश्वरी ध्रुव मंजू ध्रुव, तामेश्वरी ध्रुव, अमृत ध्रुव, ललिता साहू, पूर्णिमा ध्रुव, कुलेश्वर पिंकू वर्मा, राहुल कुमार घृतलहरे, मंजू दिवाकर, कौशल्या रजक, सुभद्रा रजक, ओमेश कांत, दीपक यादव, रेखा वर्मा एवं ग्रामीण राजेंद्र रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# समूह की महिलाओं ने कलेक्टोरेट में लगाए हर्बल गुलाल का स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर अपना अलग पहचान बना रही हैं। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की लोगों में अच्छी मांग है। इसी कड़ी में बुधवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत धमनी की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जय मां वैष्णवी स्व सहायता समूह ने संयुक्त जिला कार्यालय के रिसेप्शन काउंटर के पास स्टॉल लगाए। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने स्टॉल का अवलोकन किया और हर्बल गुलाल खरीदकर प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से हर्बल गुलाल निर्माण एवं बिक्री के बारे मे पूछ ताछ की और होली की शुभकामनाएं दीं। पीआरपी रूखमणि कुर्रे, समूह की सदस्य जमुना ध्रुव, पुष्पा चेलक एवं सत्या कुर्रे ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर हर्बल गुलाल निर्माण की जानकारी दी है। कलेक्टर ने एनआरएलएम के माध्यम से समूह की महिलाओं के स्वावलम्बन एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल 500 ग्राम एवं 1 किलोग्राम के पैकेट में उपलब्ध है, जिसका मूल्य क्रमशः 50 रुपये एवं 100 रुपये हैं। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत कार्यालय में भी मंगलवार को स्टॉल लगाया गया था।

# पं. लखनलाल मिश्र की पुण्यस्मृति पर 16 को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

अंचल के प्रसिद्ध स्वंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र की 40वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र सेवानिवृत आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा द्वारा विगत 25 वर्ष से प्रत्येक वर्ष 16 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पं. मिश्र के कर्म भूमि ग्राम मुरा में किया जा रहा है। इस वर्ष भी रविवार को पं. मिश्र के पुण्य स्मृति में 25वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम मुरा में सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित है। इसमें प्रमुख रूप से रक्तचाप, मधुमेह, सर्जरी, शल्यक्रिया, स्त्रीरोग बांझपन, हड्डी रोग, शिशु संबंधित रोग, नेत्र रोग मोतियाबिंद, दांत रोग, पेट रोग, किडनी एवं मूत्र रोग, कैसर इत्यादि समस्त प्रकार के रोगों की निःशुल्क जांच कर दवाई वितरण की जायेगी तथा ऐसे रोगी जिन्हें उच्च उपचार हेतु हॉस्पिटल में भर्ती कर आपरेशन की जरूरत होंगी ऐसे रोगी एवं उनके एक सहायक को प्रसिद्ध मल्टी स्पेशलेटी हॉस्पिटल में निःशुल्क इलाज एवं रुकने खाने की सुविधा के साथ ग्राम मुरा से हॉस्पिटल लाने और छोड़ने की व्यवस्था भी की जाएगी। पं. मिश्र के पुत्र जीएस मिश्रा ने अपील की है की खरोरा अंचल के जितने भी जरूरतद लोगों को जिन्हें अच्छे उपचार की आवश्यकता है वो इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport